लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक भास्कर
दिनांक 12.2.2020 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 6-8

# विदेशी की बजाय देश की सभ्यता-संस्कृति को अपनाएं : प्रो. केपी सिंह

## नार्दन स्कूल आदमपुर के वार्षिक समारोह में पहुंचे एचएयू के कुलपति

**भास्कर न्यूज** | मंडी आदमपुर सिटी



कार्यक्रम का शुभारंभ करते हकृवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह व अन्य।

आदमपुर-दड़ौली रोड स्थित नॉर्दन इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हकृवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया। इससे पहले उन्होंने विद्यालय में नवनिर्मित रंगमंच थियेटर का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए प्रोफेसर केपी सिंह ने देश-प्रदेश की संस्कृति से ओत प्रोत कार्यक्रमों की प्रंशसा करते हुए विद्यार्थियों को विदेशी सभ्यता संस्कृति की बजाय देश की सभ्यता संस्कृति को ही अपनाने का संदेश दिया। कुलपति ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और समाजसेवा के कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को आगे बढने के लिए अच्छी शिक्षा प्राप्त करना जरूरी है एवं उन्हें मेहनत व लगन के साथ लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक गूंज-2020 नामक समारोह में भारत की विभिन्न संस्कृतियों के अलावा देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय प्राचार्या उर्मिला रानी ने विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। मुख्यअतिथि ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार बांटे। इस मौके पर संजय मलिक, कृष्ण शाहपुरिया, विद्यालय निदेशक विकास सिंवर, ओपी नेहरा, पंचायत समिति सदस्य सरोज बाला, मंजीत बैनीवाल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ......हरि भूमि......
दिनांक ...12.2.2020... पृष्ठ सं. ...13... कॉलम ...1-5...

### नार्दन स्कूल के वार्षिक समारोह में बोले कुलपति केपी सिंह

# विदेशी संस्कृति की बजाय अपनी सभ्यता अपनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी आदमपुर

- विद्यालय में नवनिर्मित रंगमंच थियेटर का भी शुभारम्भ

दड़ौली रोड स्थित नॉर्दर्न इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ हकृवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया।



मंडी आदमपुर। नॉर्दर्न इंटरनेशनल स्कूल में रंगमंच थियेटर का शुभारम्भ करतें कुलपति केपी सिंह व अन्य।

इससे पहले उन्होंने विद्यालय में नवनिर्मित रंगमंच थियेटर का भी शुभारम्भ किया। उन्होंने कार्यक्रम में पेश देश-प्रदेश की संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों को विदेशी संस्कृति की बजाय देश की सभ्यता को ही अपनाना चाहिए। कुलपति ने कहा कि बच्चों को पढाई के साथ-साथ खेलकूद व समाज सेवा के कार्यों में भी बढचढ कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास व आगे बढ़ने के लिए अच्छी शिक्षा प्राप्त करना भी जरूरी है एवं बच्चों को मेहनत व लगन के साथ लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक गूंज-2020 नामक समारोह में भारत की विभिन्न संस्कृतियों के अलावा देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्कूल की प्रिंसिपल उर्मिला रानी ने स्कूल की वार्षिक गतिविधियों का लेखाजोखा प्रस्तुत किया। मुख्यअतिथि ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार बांटे। इस मौके पर संजय मलिक, कृष्ण शाहपुरिया, डायरेक्टर विकास शाहपुरिया, सरपंच सरदार प्रीतम सिंह, ओपी नेहरा, सरोज बाला, मंजीत बैनिवाल, डा.नरेन्द्र कुमार, राम चन्द्र आदि मौजूद थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक भास्कर
दिनांक: 12.2.2020 पृष्ठ सं: 2 कॉलम: 6-8

## एचएयू में रेडक्रॉस स्वयंसेवकों के कर्तव्य समझाने को लगाया शिविर




हिसार | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व रेडक्रॉस सोसायटी के सयुंक्त तत्वावधान में कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र, छात्राओं व काउंसलरों के लिए जूनियर रेडक्रॉस काउंसलर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह शिविर छात्र कल्याण निदेशालय में 15 फरवरी तक चलेगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया थे। डॉ. दहिया ने अपने अभिभाषण में इस प्रकार के कार्यक्रमों की आवश्यकता व महत्ता पर प्रकाश डाला। इस ट्रेनिंग का उद्देश्य छात्रों को समाज सेवा के लिए जागरूक करना वह तैयार करना है। पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को यूथ रेडक्रॉस स्वयंसेवकों के कर्तव्य और उत्तरदायित्व के बारे में बताया जाएगा तथा किसी भी आपदा के समय समाज सेवा के गुर सिखाए जाएंगे। कृषि महाविद्यालय हिसार के रेडक्रॉस सोसायटी काउंसलर व समन्वयक डॉ. चंद्र शेखर डागर ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 15 महाविद्यालयों से 95 प्रशिक्षु हिस्सा ले रहे हैं।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण

दिनांक 12.2.2020 पृष्ठ सं 14 कॉलम 7-8

## ट्रेनिंग से छात्रों को समाजसेवा के लिए किया जागरूक

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व रेड क्रॉस सोसाइटी, हिसार के संयुक्त तत्वाधान में हिसार जिले तथा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र, छात्राओं व काउंसलरों के लिए छात्र कल्याण निदेशालय में 11-15 फरवरी तक चलने वाले पांच दिवसीय जूनियर रेड क्रॉस काउंसलर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया थे। डॉ. दहिया ने अपने अभिभाषण में इस प्रकार के कार्यक्रमों की आवश्यकता व महत्ता पर प्रकाश डाला। इस ट्रेनिंग का उद्देश्य छात्रों को समाज सेवा के लिए जागरूक करना करना है। पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को यूथ रेडक्रॉस स्वयंसेवकों के कर्तव्य और उत्तरदायित्व के बारे में बताया जाएगा तथा किसी भी आपदा के समय समाज सेवा के गुर सिखाए जाएंगे। कृषि महाविद्यालय हिसार के रेडक्रॉस सोसाइटी काउंसलर व समन्वयक डॉ. चंद्र शेखर डागर ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 15 महाविद्यालयों से 95 प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। इस दौरान रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में होने वाले विभिन्न कार्यक्रम जैसे की अंगदान, रक्तदान, एचआइवी व हेपेटाइटिस जागरूकता, महिला सशक्तीकरण इत्यादि की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। रेडक्रॉस सोसाइटी हिसार के जिला प्रशिक्षण अधिकारी सुरेंदर श्योराण ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी तथा सचिव रविंदर लोहान भी इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। (जासं)

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक भास्कर, अमर उजाला

दिनांक: 12.2.2020 पृष्ठ सं. 6, 6 कॉलम 1, 6

## एचएयू में रोजगार के नए आयाम पर कार्यशाला कल से

**हिसार|** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 13 व 14 फरवरी को कृषि क्षेत्र में रोज़गार के नये आयाम विषय पर औद्योगिक कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य उद्योग, छात्रों और वैज्ञानिकों को एक मंच पर लाना व ऐसे अवसरों पर चर्चा करना है जोकि विवि के छात्रों को उद्योग से जोड़ सकें। एचएयू के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि इस कॉन्क्लेव में पारस्परिक मंत्रणा से इस प्रकार की पाठ्यक्रम डिजाइन पर किया जाएगा, जिससे हमारे छात्रों को विभिन्न कृषि उद्योगों में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। यह कॉन्क्लेव छात्रों में उद्यमशीलता भी विकसित करने में सहायक होगा। यह भविष्य में फलदायी और टिकाऊ संयुक्त परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए उद्योग व विश्वविद्यालय के बीच तालमेल व साझेदारी को भी बढ़ावा देगा।

## एचएयू में 'कृषि क्षेत्र में रोजगार के नये आयाम' कार्यक्रम कल से

**हिसार (ब्यूरो)।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में 13-14 फरवरी को 'कृषि क्षेत्र में रोजगार के नये आयाम' विषय पर औद्योगिक कॉन्क्लेव करवाया जाएगा।

कॉन्क्लेव का उद्देश्य उद्योग, छात्रों और वैज्ञानिकों को एक मंच पर लाना व ऐसे अवसरों पर चर्चा करना है जो छात्रों को उद्योग से जोड़ सकें। विवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि कॉन्क्लेव में पारस्परिक मंत्रणा से इस प्रकार की पाठ्यक्रम डिजाइन पर जोर दिया जाएगा, जिससे छात्रों को विभिन्न कृषि उद्योगों में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....हरि भूमि....
दिनांक....12.2.2020.... पृष्ठ सं....14.... कॉलम....1....

## हकृवि में औद्योगिक कॉन्क्लेव का आयोजन आज से

हिसार। हकृवि में 13-14 फरवरी को 'कृषि क्षेत्र में रोजगार के नये आयाम' विषय पर औद्योगिक कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य उद्योग, छात्रों और वैज्ञानिकों को एक मंच पर लाना व ऐसे अवसरों पर चर्चा करना है जो विवि के छात्रों को उद्योग से जोड़ सकें। हकृवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि इस कॉन्क्लेव में पारस्परिक मंत्रणा से इस प्रकार की पाठ्यक्रम डिजाइन पर जोर दिया जाएगा। जिससे हमारे छात्रों को विभिन्न कृषि उद्योगों में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होगें। यह कॉन्क्लेव छात्रों में उद्यमशीलता भी विकसित करने में सहायक होगा। यह भविष्य में फलदायी और टिकाऊ संयुक्त परियोजनाओं के क्रियान्वन के लिए उद्योग व विश्वविद्यालय के बीच तालमेल व साझेदारी को भी बढ़ावा देगा। इस सम्मेलन में 50 से अधिक उद्योगों के प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है।
कॉन्क्लेव हमारे छात्रों की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ बाजार संचालित सतत कृषि के लिए विश्व स्तर के कृषिविदों को प्रदान करने के लिए एक कदम है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....नभ छोर....
दिनांक....11.2.2020.... पृष्ठ सं....8.... कॉलम....1-2....

# हकृवि में कृषि क्षेत्र में रोजगार के नये आयाम विषय पर कार्यशाला 13 से

हिसार/11 फरवरी/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 13-14 फरवरी को 'कृषि क्षेत्र में रोजगार के नये आयाम' विषय पर औद्योगिक कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य उद्योग, छात्रों और वैज्ञानिकों को एक मंच पर लाना व ऐसे अवसरों पर चर्चा करना है जो विश्वविद्यालय के छात्रों को उद्योग से जोड़ सकें । हकृवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि इस कॉन्क्लेव में पारस्परिक मंत्रणा से इस प्रकार की पाठ्यक्रम डिजाइन पर जोर दिया जायेगा जिससे हमारे छात्रों को विभिन्न कृषि उद्योगों में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। यह कॉन्क्लेव छात्रों में उद्यमशीलता भी विकसित करने में सहायक होगा। यह भविष्य में फलदायी और टिकाऊ संयुक्त परियोजनाओं के क्रियान्वन के लिए उद्योग व विश्वविद्यालय के बीच तालमेल व साझेदारी को भी बढ़ावा देगा। इस सम्मेलन में 50 से अधिक उद्योगों के प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। कॉन्क्लेव हमारे छात्रों की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ बाजार संचालित सतत कृषि के लिए विश्व स्तर के कृषिविदों को प्रदान करने के लिए एक कदम है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....सिटी पल्स....
दिनांक....11.2.2020.... पृष्ठ सं....3.... कॉलम....1-2....

## 'कृषि क्षेत्र में रोजगार के नए आयाम' विषय पर औद्योगिक कॉन्क्लेव 13 से

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 13-14 फरवरी को 'कृषि क्षेत्र में रोजगार के नए आयाम' विषय पर औद्योगिक कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य उद्योग, छात्रों और वैज्ञानिकों को एक मंच पर लाना व ऐसे अवसरों पर चर्चा करना है जो विश्वविद्यालय के छात्रों को उद्योग से जोड़ सकें। हकृवि के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने बताया कि इस कॉन्क्लेव में पारस्परिक मंत्रणा से इस प्रकार की पाठ्यक्रम डिजाइन पर जोर दिया जाएगा जिससे हमारे छात्रों को विभिन्न कृषि उद्योगों में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। यह कॉन्क्लेव छात्रों में उद्यमशीलता भी विकसित करने में सहायक होगा। यह भविष्य में फलदायी और टिकाऊ संयुक्त परियोजनाओं के क्रियान्वन के लिए उद्योग व विश्वविद्यालय के बीच तालमेल व साझेदारी को भी बढ़ावा देगा। इस सम्मेलन में 50 से अधिक उद्योगों के प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। कॉन्क्लेव हमारे छात्रों की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ बाजार संचालित सतत कृषि के लिए विश्व स्तर के कृषिविदों को प्रदान करने के लिए एक कदम है।